**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ
संख्या-541/29/तीन(परी0-1)/2019/2022/खण्ड-13,
लखनऊ: दिनांक-22 नवम्बर, 2023

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-05-परीक्षा/2019, वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2019 की चिकित्सा परीक्षा हेतु आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-62/01/कम्प्यू0अनु0(बारह)/2020-2023/05-परीक्षा/2019, दिनांक-31 जुलाई, 2023 द्वारा अर्ह पाये गये समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उनकी चिकित्सा परीक्षा दिनांक-11.12.2023, 12.12.2023, 14.12.2023, 16.12.2023, 18.12.2023, 19.12.2023, 21.12.2023 व 23.12.2023 में उत्तर प्रदेश के 18 मण्डलीय जनपद मुख्यालयों के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी।

उक्त चिकित्सा परीक्षा के समय अभ्यर्थियों को निम्न अभिलेखों/ उपकरणों/जांच रिपोर्टों के साथ उपस्थित होना आवश्यक है-

1. एक्स-रे चेस्ट पी0ए0 (X-ray chest PA),
2. रूटीन यूरीन, (आर/एम) [Routine Urine, (R/M)],
3. विशेषज्ञों की सलाह सहित ई0सी0जी0 रिपोर्ट (E.C.G. Report with expert opinion),
4. सी0बी0सी0 रिपोर्ट (CBC Report),
5. यदि चश्मा अथवा कॉन्टेक्ट लेन्स पहनते हैं तो चश्मा व नेत्र परीक्षण रिपोर्ट साथ लायें।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि केवल जनपद स्तरीय जिला चिकित्सालय द्वारा की गयी जांच रिपोर्ट, जो कि अभ्यर्थी की चिकित्सा परीक्षा तिथि से पूर्व विगत 15 दिन की अवधि में जारी की गयी हो, ही मान्य होगी।

प्रश्नगत चिकित्सा परीक्षा के प्रवेश पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में अर्ह अभ्यर्थियों को आयोग की वेबसाइट पर सूचना के माध्यम से यथासमय पृथक से सूचित किया जाएगा।

परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।